महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

शिक्षा मंत्रालय (~~मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार~~)

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

Ministry of Education (~~Ministry of HRD, Govt. of India~~)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं. 17-3/2019(शै.)/मसारावेविप्र/

दिनांक : 1.10.2020

कार्यालय आदेश -945

विषय : प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेदपाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों हेतु छात्रों के अध्ययन-अध्यापन/ परीक्षा संबंधी दिशानिर्देश

भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार वर्तमान में प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाएं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयां बंद हैं । अत: छात्रों के अध्ययन-अध्यापन एवं शैक्षणिक सत्र 2020-21 की वार्षिक परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए समस्त वेदपाठशाला एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापक अधोलिखित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें ।

(1) वेद पाठशालाओं में प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदाध्यापकों में प्रत्येक वेदाध्यापक के अधीन अध्ययनरत छात्रों की सूची दिनांक 15.10.2020 तक प्रतिष्ठान को ईमेल/ पत्र के माध्यम से प्रेषित करें ।

(2) वेदपाठशालाओं / गुरु-शिष्य परम्परा इकाईयों के अध्यापक अपने अधीन अध्ययनरत छात्रों से सम्पर्क में बने रहें तथा आनलाइन माध्यम से छात्रों का अध्ययन-अध्यापन कराते रहें । प्रेरणा देते रहें ।

(3) प्रतिष्ठान द्वारा शीघ्र ही वर्ष 2020-21 की वार्षिक परीक्षा हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र (Exam forms) भरने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी । अत: समस्त अध्यापक परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु छात्रों के आवश्यक प्रपत्र, नवीनतम छायाचित्र, आधार कार्ड प्रति, अन्तिम वर्ष उत्तीर्ण परीक्षा की अंक सूची प्रति आदि तैयार रखें ।

(4) वेदपाठशालाओं / इकाइयों के अध्यापक उनके अधीन अध्ययनरत छात्र जो मार्च, 2020 से सम्पर्क में नहीं हैं तथा जो वर्ष 2020-21 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होगें/संभावना नहीं हैं, उन छात्रों की सूची दिनांक 15.10.2020 तक प्रतिष्ठान को ईमेल/ पत्र के माध्यम से प्रेषित करे ।

1.10.2020

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)

सचिव

प्रतिलिपि :(1) सचिव के निजी सचिव, मसारावेविप्र

(2) डॉ. अनूप कुमार मिश्र, अनुभाग अधिकारी(प्र.)

(3) श्री अचल सक्सेना, कम्प्यूटर प्रोग्रामर - समस्त वेदपाठशालाओं / गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के अध्यापकों को सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।

(4) समस्त वेदपाठशाला /इकाई डीलिंग असिस्टेंट – ईमेल के माध्यम से सूचित करें ।

(5) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in